**Regarding need to establish a Division Office of Department of Posts in Rajsamand headquarters, Rajasthan-Laid**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मेरे संसदीय शेत्र राजसमन्द, राजस्थान में राजसमन्द मुख्यालय पर डाकघर के नवीन मण्डल कार्यालय को शीघ्रातिशीघ आरम्भ किये जाने की आवश्यकता है । अभी राजसमन्द डाककर्मचारियों को 75 कि.मी. व भीम व बरार उपडाकघर कर्मचरियों को 210 किमी दूर उदयपुर में स्थित मण्डल कार्यालय आना पड़ता है । डाकघर के नवीन मण्डल कार्यालय के राजसमन्द में प्रारम्भ होने से कर्मचारियों को तो राहत मिलेगी ही परिणामस्वरुप सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि होने से उसका प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों लाभ स्थानीय जनता को प्राप्त हो सकेगें । परन्तु इस सन्दर्भ में स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा सहयोगपूर्ण व्यवहार न किया जाना अनपेक्षित होने के साथ जनहित के प्रति उदासीनतापूर्ण भी है । मण्डल कार्यालय को प्रारम्भ करने में यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक बाध्यताएं हैं तो उनका युक्तिपूर्वक हल प्राप्त कर मण्डल कार्यालय की अनुशंसा करना अपेक्षित है । अत: सरकार से मांग है कि राजसमन्द मुख्यालय पर डाकघर के नवीन मण्डल कार्यालय को शीघ्रातिशीघ प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की जाये ।